हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 29 अगस्त, 2019/7 भाद्रपद,1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 34

विधवा पेंशन

***1510 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार विधवा पेंशन के अतिरिक्त कम उम्र की विधवाओं के बच्चों की शिक्षा एवं पालन-पोषण हेतु कोई अन्य योजना भी शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

दैनिक वेतन भोगी

***1511 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में आयुर्वेद विभाग में कितने चतुर्थ श्रेणी दैनिक वेतन भोगी कार्यरत हैं; और

(ख) सरकार क्या सात साल का सेवाकाल पूर्ण कर चुके इन चतुर्थ श्रेणी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

*1512 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

कूड़ा संयंत्र

*1513 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि पांवटा साहिब नगर परिषद में कूड़ा संयंत्र लगाने हेतु निविदाएं कब आमंत्रित की गई; ब्यौरा दें; इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

बस स्टैंड

*1514 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार लक्कड़ बाजार बस स्टैंड को ऑकलैंड टनल के समीप स्थानान्तरित करने का विचार रखती है?

फिन्ना सिंह नहर

*1515 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात के अन्तर्गत बन रही फिन्ना सिंह नहर पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा; और

(ख) इस नहर के निर्माण हेतु जो कामगार (टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल) कार्यरत हैं क्या उनके वेतन की अदायगी की जा रही है; ब्यौरा पदवार नाम व पते सहित दें?

Street Lights

*1516 Sh. Jagat Singh Negi(Kinnaur) :

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that street lights in many parts of SADA Reckong Peo

are non-functional; if so, resons thereof; and

(b) is it also a fact that public toilets constructed in SADA Reckong Peo, Kalpa are non-functional & locked; if so,resons thereof?

पदपूर्ति

*1517 **श्री राकेश जम्वाल(सुन्दरनगर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल सुन्दरनगर में रेडियोलोजिस्ट का पद रिक्त है; यदि हां, तो इस पद को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) सिविल अस्पताल सुन्दरनगर में रेड क्रॉस के द्वारा Dialysis Unit (डायलिसिस इकाई) लगाने की कोई योजना है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Science Stream

*1518 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether it is under consideration of the Government to start Science Stream in Government Senior Secondary School Deothi (Rampur); if yes, by when?

वन विश्राम गृह

*1519 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ईको-टूरिज्म के अन्तर्गत वन विभाग के कितने विश्राम गृह हैं; इनमें कितने पद रिक्त हैं तथा इनके रख-रखाव हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

तटीयकरण

*1520 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि रोहडू में पब्बर नदी के तटीयकरण का कार्य बंद पड़ा है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

मत्स्य पालन केन्द्र

*1521 **श्री जिया लाल (भरमौर) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक मत्स्य पालन केन्द्र घरेड़ (थल्ला) जिला चम्बा में किन-किन प्रजाति की व कितनी मछलियां डाली/पाली गईं; वर्षवार ब्यौरा आय-व्यय के आंकड़ों सहित दें;

(ख) विभाग के निदेशक/ संयुक्त निदेशक/ उप-निदेशक ने इस मत्स्य केन्द्र का कितनी बार निरीक्षण किया; ब्यौरा निरीक्षण की तिथि व दिए गए निर्देशों सहित दें;

(ग) यह सत्य है कि वर्तमान में यह केन्द्र बन्द है; यदि हां, तो इस केन्द्र में तैनात कर्मचारियों की सेवाओं का उपयोग किस स्थान पर किया जा रहा है;

(घ) मत्स्य म्यूजियम चूड़ी का निर्माण कार्य कब आरम्भ हुआ तथा दिनांक 31-07-2019 तक इस पर कुल कितनी राशि व्यय हुई; और

(ड.) इस म्यूजियम को बनाने का क्या उद्देश्य था और वर्तमान में इस म्यूजियम के निर्माण की वस्तुस्थिति क्या है?

विभिन्न ट्रेड कोर्स

*1522 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सरकार रेडियोलोजी टेक्नीशियन, डेंटल लेबोरेटरी टेक्नीशियन, मैकेनिक मैडिकल इलैक्ट्रॉनिक्स, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं सॉयल टेस्टिंग एंड क्रॉप टेस्टिंग टेक्नीशियन ट्रेडों को अन्य राज्यों की तर्ज पर प्रारम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं तो कारण?

राजकीय राजीव गांधी आयुर्वेद महाविद्यालय पपरोला

*1523 **श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय राजीव गांधी आयुर्वेद स्नातकोत्तर महाविद्यालय पपरोला में कितने विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएं चल रही हैं और क्या सरकार इस महाविद्यालय का दर्जा एम्स (AIIMS) स्तर का करने का विचार रखती है?

भूमि तबादला

*1524 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलद्वाड़ा, जिला मण्डी की भूमि का किसी निजी व्यक्ति के साथ तबादला किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कब और क्या यह पाठशाला प्रशासन तथा पाठशाला प्रबंधन समिति से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बिना ही किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार स्थानीय जनता की आपत्ति के मद्देनज़र इस तबादले को रद्द करने का विचार करेगी?

सब-डिपो आनी में नई बसें

*1525 **श्री किशोरी लाल (आनी) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में 31-07-2019 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सब-डिपो आनी में कितनी नई बसें आवंटित की गईं; ब्यौरा दें;

(ख)इस सब-डिपो में कितने पद सृजित हैं; कितने खाली हैं और खाली पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

वन भूमि पर सरकारी संस्थान

*1526 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वन भूमि पर निर्मित सरकारी संस्थानों को अतिरिक्त निर्माण करने हेतु वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं मिलता; यदि हां, तो सरकार इस सन्दर्भ में क्या राहत प्रदान करेगी?

Forest Rights Act

*1527 **Sh. Ashish Butail(Palampur) :**
Sh. Rakesh Singha(Theog) :

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Supreme Court has not given an interim injunction in respect to Section 3.2 of the Forests Right Act for thirteen developmental

activities carried out by the Government where one hectare of land is involved and not more than seventy five trees are to be felled; if yes, then why the FRA process under Section 3.2 of the Act has come to a standstill;

(b) is it also a fact that the cases under Section 3(1) of FRA, 2006 to confer individual and community rights to FDST and OTFD are not being received/accepted or processed by the concerned committees formed by the Government under this Act; if so, what are the reasons of non-acceptance/receipt or processing of such cases; and

(c) is there any court order or directions of the Union/State Government to restrain the powers of DFOs to process and sanction cases under section 3(2) of FRA, 2006; if yes, a copy of order and notifications be laid on the Table of the House?

लहसुन मंडी

*1528 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार द्वारा धण्डूरी में लहसुन मंडी का शिलान्यास कब किया गया और इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा?

तटीयकरण

*1529 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ब्यास नदी पर चल रही सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं के बचाव हेतु सरकार इस नदी के तटीयकरण का विचार रखती है?

School Education

*1530 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that during the last two years upto 31-07-2019; how many students are getting School education (K.G. to +2) in Government and Private Institutions in the pradesh; Government &

Private Institutions-Wise details of students be given?

शिक्षकों की रिक्तियाँ

*1531 **श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं और इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

विधायक प्राथमिकता

*1532 **श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत चैनेलाइजेशन, हाईक व चैकडैम से भूमि संरक्षण हेतु योजनाओं की डी0पी0आर0 नहीं बनाई है; यदि हां, तो इनकी डी0पी0आर0 कब तक तैयार कर दी जाएगी?

अध्यापकों की नियुक्ति

*1533 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक तथा प्राथमिक विद्यालय हैं जहाँ सम्बन्धित विषय के विद्यार्थियों की संख्या शून्य या अत्यधिक कम होते हुए भी अध्यापकों की नियुक्ति की गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इस दिशा में कोई सार्थक नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

जगाधरी-पांवटा साहिब रेल लाइन

*1534 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पांवटा साहिब को रेलवे से जोड़ने हेतु जगाधरी-पांवटा साहिब रेलवे लाइन की लगभग 50 किलोमीटर की योजना प्रस्तावित है; यदि हाँ, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

एन्टी हेलगन

*1535 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ठियोग विकास खण्ड के अन्तर्गत उपदान हेतु एन्टी हेलगन के कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

भू-संरक्षण

*1536 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत काहरी में भू-सरंक्षण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, कितनी व्यय की गई; ब्यौरा नाम व कार्य सहित दें ?

निहरी वन विश्राम गृह

*1537 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निहरी में वन विभाग का विश्राम गृह निर्मित करने हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

Forest Nursery at Dargi

*1538 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Forest Department Nursrey at Dargi, Tehsil Sunni has been partially washed away by floods; and

(b) if so, what steps have been taken by the Government for the restoration of this Nursery?

सड़क मार्ग

***1539 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित सड़कों के रख-रखाव हेतु सरकार क्या पग उठा रही है ?

स्पोर्ट्स कोटा

***1540 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम में स्पोर्ट्स कोटे से कितने पद भरे गए हैं; ब्यौरा सामान्य वर्ग एवं आरक्षित श्रेणियों सहित दें?

Post of Research Officer

***1541 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that a post of Research Officer under Scheduled Caste Sub Plan exists in District Kangra;

(b) if yes, by when the Research Officer will be posted; and

(c) if not, is the Government considering to create/revive/transfer the said post to Dharamshala?

योजनाएँ

***1542 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में उद्यान विभाग द्वारा कौन-सी योजनाएं चलाई जा रही हैं; और

(ख) सिरमौर जिला के राजगढ़ विषय विशेषज्ञ कार्यालय के अन्तर्गत इन योजनाओं से कितने लोग लाभान्वित हुए हैं; योजना का नाम, लाभार्थी का नाम व व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा दें?

पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***1543 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐसी कितनी पेयजल व सिंचाई योजनाएं हैं जिनका निर्माण कार्य अधूरा है और इन्हें कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांक: 13th अगस्त, 2019. **सचिव।**